# महापत्तनों में फरवरी, 2021 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो यातायात

## भारत के महापत्तनों में कुल कार्गो यातायात

समुद्री यातायात का कार्यकलाप विश्व अर्थव्यवस्था नामत: विश्व आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि में होने वाले विकास द्वारा चालित होता है। इस प्रकार पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा का आकार मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर होता है। भारत के 12 महापत्तनों में अप्रैल-फरवरी, 2019-2020 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात 643.44 मिलियन टन से **6.8% तक घटकर अप्रैल-फरवरी, 2020-2021 के दौरान 599.87 मिलियन टन** हो गया है।

महापत्तनों में अप्रैल-फरवरी, 2019-2020 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात 490.42 मिलियन टन से **4.7%** तक घटकर अप्रैल-फरवरी, 2020-2021 के दौरान 467.32 मिलियन टन हो गया है। महापत्तनों में संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-फरवरी, 2019-2020 के दौरान संभाले गए 153.03 मिलियन टन से **13.4%** तक घटकर अप्रैल-फरवरी, 2020-2021 के दौरान 132.55 मिलियन टन हो गया है।

## फरवरी, 2021 के दौरान पत्तनवार संभाला गया कार्गो

भारत के महापत्तनों में फरवरी, 2021 के दौरान संभाला गया कार्गो 58.15 मिलियन टन है जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 1.5% की वृद्धि देखी जा सकती है। महापत्तनों में फरवरी, 2021 के दौरान संभाला गया तटीय कार्गो फरवरी, 2020 के दौरान संभाले गए 14.77 मिलियन टन से 7.5% घटकर फरवरी, 2021 के दौरान 13.67 मिलियन टन हो गया है। तथापि, महापत्तनों में फरवरी, 2021 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो फरवरी, 2020 के दौरान संभाले गए 42.46 मिलियन टन से 4.7% बढ़कर 44.43 मिलियन टन हो गया है।

- **फरवरी, 2021** के दौरान**;** मुरगांव पत्तन ने संभाले गए यातायात में 60.6% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। इसके बाद एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (22.2%), चेन्नई पत्तन (18.2%), कोचीन पत्तन (9.8%), जेएनपीटी (8.8%), कामराजार पत्तन (5.6%), एनएमपीटी (5.4%) और पारादीप पत्तन (0.6%) आते हैं। **फरवरी, 2021 के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले महापत्तनों में**, वीओसी पत्तन (18.5%), विशाखपट्टनम पत्तन (10.0%), मुंबई पत्तन (6.5%), एसएमपी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (6.1%) और दीनदयाल पत्तन (2.8%) शामिल हैं।
- 12 महापत्तनों में से, पारादीप पत्तन ने महापत्तनों में संभाले गए कुल कार्गो में 16.0% की हिस्सेदारी के साथ 9.30 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की इसके बाद दीनदयाल पत्तन (15.7%), जेएनपीटी (10.8%), मुंबई पत्तन (8.1%), वैजाग पत्तन (9.3%), चेन्नई पत्तन (6.9%), एसएमपी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (6.8%), एनएमपीटी (6.1%), कोचिन पत्तन (5.4%), कामराजार पत्तन (4.4%), वीओसी पत्तन (4.1%), मुरगांव पत्तन (3.6%) और एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (2.8%) आते हैं।
- विस्तृत सामान के स्तर पर फरवरी, 2021 में दालों को छोड़कर खाद्यान्न **ने 1189.3% की सर्वाधिक वृद्धि प्राप्त की है।** इसके बाद, अन्य अयस्क (63.0%), कंटेनर (26.4%), लौह अयस्क/पेल्लेट्स (20.0%), लोहा और इस्पात (17.6%), एफआरएम-ड्राई (12.1%), अन्य सामान (8.5%), चीनी (1.1%), कोकिंग कोयला (1.0%) और अन्य कोयला (0.2%) आते हैं। फरवरी, 2021 में परियोजना कार्गो ने 58.1% की अधिकतम नकारात्मक वृद्धि दर्ज हुई है। इसके बाद, उर्वरक (55.3%), खाद्य तेल


(29.0%), एफआरएम लिक्विड (16.7%) थर्मल कोयला (15.1%), पीओएल उत्पाद (13.2%), पीओएल क्रूड (8.0%), सीमेंट (3.7%), और एलपीजी/एलएनजी (0.7%) आते हैं।

- विस्तृत सामान के स्तर पर फरवरी, 2021 में कंटेनरों ने 23.6% हिस्से के साथ **13.73 मिलियन टन** के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की है। इसके बाद पीओएल क्रूड (20.1%), लौह अयस्क (10.4%), थर्मल कोयला (10.3%), अन्य सामान (8.2%), पीओएल उत्पाद (7.7%), कोकिंग कोयला (5.7%), अन्य कोयला (4.0%), एलपीजी/एलएनजी (2.1%), लोहा एवं इस्पात (1.3%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (1.1%), खाद्य तेल (1.0%), अन्य अयस्क (1.0%), एफआरएम ड्राई (1.0%), एफआरएम लिक्विड (0.8%), चीनी (0.6%), सीमेंट (0.5%), उर्वरक (0.4%) और परियोजना कार्गो और दालें (0.1%) आते हैं।

## <u>अप्रैल- फरवरी 2020-2021 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल-फरवरी, 2020-2021 के दौरान, महापत्तनों में मुरगांव पत्तन ने 31.1% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है इसके बाद पारादीप पत्तन (0.3%) आता है। अप्रैल-फरवरी, 2019-2020 की तुलना में अप्रैल-फरवरी, 2020-2021 के दौरान यातायात में नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाले महापत्तन: कामराजार पत्तन (23.3%), मुंबई पत्तन (15.3%), एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (15.1%), वीओसी पत्तन (12.3%), चेन्नई पत्तन (10.3%), कोचीन पत्तन (9.9%), जेएनपीटी (8.1%), दीनदयाल पत्तन (6.4%), एनएमपीटी (6.3%), विशाखापट्टणम पत्तन (4.9%) और एसएमपी हल्दिया डॉक परिसर (3.5%) शामिल थे। **(तालिका-क).**

- अप्रैल-फरवरी, 2020-21 के दौरान महापत्तनों में 17.4% हिस्से के साथ दीनदयाल पत्तन ने 104.29 मिलियन टन की अधिकतम कार्गो संभलाई की। इसके बाद पारादीप पत्तन (17.2%), विशाखापट्टणम पत्तन (10.6%), जेएनपीटी (9.6%), मुंबई पत्तन (8.0%), एसएमपी हल्दिया डॉक परिसर (6.9%), चेन्नई पत्तन (6.5%), एनएमपीटी (5.4%), वीओसी पत्तन (4.8%), कोचीन पत्तन (4.6%), कामराजार पत्तन (3.7%), मुरगांव पत्तन (3.2%) और एमएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (2.3%) आते हैं। **(नीचे दिया गया ग्राफ- I)**




| तालिका : क महापत्तन – पत्तन-वार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | **(हजार टनों में)** |
| **क्र.सं.** | **पत्तनों के नाम** | **फरवरी, 2020** | **फरवरी, 2021** | **(अप्रैल- फरवरी,** | **(अप्रैल-फरवरी,** | **%** |

| | | | | | (पी) | | 2019-20) | | 2020-21) (पी) | | बदलाव {(कॉ.10/ कॉ.8-1) *100} |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | **एसपीएम कोलकाता** | विदेशी | 4359 | 10.3 | 5186 | 11.7 | 42121 | 8.6 | 48659 | 10.4 | **15.5** |
| | | तटीय | 1188 | 8.0 | 401 | 2.9 | 16434 | 10.7 | 5987 | 4.5 | **-63.6** |
| | | कुल | 5547 | 9.7 | 5587 | 9.6 | 58555 | 9.1 | 54646 | 9.1 | **-6.7** |
| | केडीएस | विदेशी | 1129 | 2.7 | 1593 | 3.6 | 13310 | 2.7 | 13194 | 2.8 | **-0.9** |
| | | तटीय | 205 | 1.4 | 38 | 0.3 | 2640 | 1.7 | 349 | 0.3 | **-86.8** |
| | | कुल | 1335 | 2.3 | 1631 | 2.8 | 15950 | 2.5 | 13543 | 2.3 | **-15.1** |
| | एचडीसी | विदेशी | 3230 | 7.6 | 3593 | 8.1 | 28810 | 5.9 | 35465 | 7.6 | **23.1** |
| | | तटीय | 983 | 6.7 | 363 | 2.7 | 13795 | 9.0 | 5638 | 4.3 | **-59.1** |
| | | कुल | 4213 | 7.4 | 3956 | 6.8 | 42605 | 6.6 | 41104 | 6.9 | **-3.5** |
| 2 | पारादीप | विदेशी | 6013 | 14.2 | 6315 | 14.2 | 70271 | 14.3 | 75788 | 16.2 | **7.9** |
| | | तटीय | 3227 | 21.8 | 2984 | 21.8 | 32356 | 21.1 | 27120 | 20.5 | **-16.2** |
| | | कुल | 9240 | 16.1 | 9299 | 16.0 | 102627 | 15.9 | 102907 | 17.2 | **0.3** |
| 3 | विजैग | विदेशी | 4454 | 10.5 | 4115 | 9.3 | 51359 | 10.5 | 48548 | 10.4 | **-5.5** |
| | | तटीय | 1544 | 10.4 | 1280 | 9.4 | 15377 | 10.0 | 14937 | 11.3 | **-2.9** |
| | | कुल | 5997 | 10.5 | 5395 | 9.3 | 66736 | 10.4 | 63485 | 10.6 | **-4.9** |
| 4 | कामराजार | विदेशी | 1350 | 3.2 | 1456 | 3.3 | 16691 | 3.4 | 12441 | 2.7 | **-25.5** |
| | | तटीय | 1087 | 7.4 | 1117 | 8.2 | 12299 | 8.0 | 9796 | 7.4 | **-20.4** |
| | | कुल | 2437 | 4.3 | 2573 | 4.4 | 28990 | 4.5 | 22237 | 3.7 | **-23.3** |
| 5 | चेन्नई | विदेशी | 2980 | 7.0 | 3416 | 7.7 | 38692 | 7.9 | 33661 | 7.2 | **-13.0** |
| | | तटीय | 391 | 2.6 | 568 | 4.2 | 4483 | 2.9 | 5066 | 3.8 | **13.0** |
| | | कुल | 3371 | 5.9 | 3985 | 6.9 | 43175 | 6.7 | 38727 | 6.5 | **-10.3** |
| 6 | वी.ओ.सी. | विदेशी | 2038 | 4.8 | 1502 | 3.4 | 24683 | 5.0 | 19124 | 4.1 | **-22.5** |
| | | तटीय | 876 | 5.9 | 873 | 6.4 | 8161 | 5.3 | 9669 | 7.3 | **18.5** |
| | | कुल | 2913 | 5.1 | 2375 | 4.1 | 32844 | 5.1 | 28794 | 4.8 | **-12.3** |
| 7 | कोचिन | विदेशी | 1948 | 4.6 | 2052 | 4.6 | 20894 | 4.3 | 17835 | 3.8 | **-14.6** |
| | | तटीय | 908 | 6.1 | 1083 | 7.9 | 9982 | 6.5 | 9974 | 7.5 | **-0.1** |
| | | कुल | 2856 | 5.0 | 3135 | 5.4 | 30876 | 4.8 | 27809 | 4.6 | **-9.9** |
| 8 | नव मंगलूर | विदेशी | 2414 | 5.7 | 2313 | 5.2 | 25808 | 5.3 | 22960 | 4.9 | **-11.0** |
| | | तटीय | 969 | 6.6 | 1253 | 9.2 | 8840 | 5.8 | 9518 | 7.2 | **7.7** |
| | | कुल | 3383 | 5.9 | 3566 | 6.1 | 34648 | 5.4 | 32479 | 5.4 | **-6.3** |
| 9 | मुरगांव | विदेशी | 1172 | 2.8 | 1954 | 4.4 | 13290 | 2.7 | 18105 | 3.9 | **36.2** |
| | | तटीय | 143 | 1.0 | 158 | 1.2 | 1441 | 0.9 | 1204 | 0.9 | **-16.5** |
| | | कुल | 1315 | 2.3 | 2112 | 3.6 | 14732 | 2.3 | 19309 | 3.2 | **31.1** |
| 10 | मुंबई | विदेशी | 2879 | 6.8 | 2574 | 5.8 | 31977 | 6.5 | 26222 | 5.6 | **-18.0** |
| | | तटीय | 2153 | 14.6 | 2131 | 15.6 | 24403 | 15.9 | 21547 | 16.3 | **-11.7** |
| | | कुल | 5033 | 8.8 | 4705 | 8.1 | 56380 | 8.8 | 47769 | 8.0 | **-15.3** |
| 11 | जेएनपीटी | विदेशी | 5408 | 12.7 | 5772 | 13.0 | 58708 | 12.0 | 53243 | 11.4 | **-9.3** |
| | | तटीय | 334 | 2.3 | 477 | 3.5 | 3809 | 2.5 | 4238 | 3.2 | **11.3** |
| | | कुल | 5742 | 10.0 | 6249 | 10.8 | 62516 | 9.7 | 57482 | 9.6 | **-8.1** |
| 12 | केपीटी/ डीपीटी | विदेशी | 7443 | 17.5 | 7787 | 17.5 | 95923 | 19.6 | 90730 | 19.4 | **-5.4** |
| | | तटीय | 1955 | 13.2 | 1347 | 9.9 | 15440 | 10.1 | 13498 | 10.2 | **-12.6** |
| | | कुल | 9398 | 16.4 | 9134 | 15.7 | 111363 | 17.3 | 104228 | 17.4 | **-6.4** |
| **कुल** | | **विदेशी** | **42458** | **74.2** | **44443** | **76.5** | **490417** | **76.2** | **467317** | **77.9** | **-4.7** |
| | | **तटीय** | **14774** | **25.8** | **13672** | **23.5** | **153025** | **23.8** | **132554** | **22.1** | **-13.4** |
| | | **कुल** | **57232** | **100.0** | **58115** | **100.0** | **643442** | **100.0** | **599871** | **100.0** | **-6.8** |

स्रोत:- पत्तन आंकड़ा प्रबंधन पोर्टल (पीडीएमपी), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी – अनंतिम

- विस्तृत सामान के स्तर पर **अप्रैल-फरवरी, 2020-21 के दौरान दालों को छोड़कर खाद्यान्न ने 124.5% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है** इसके बाद चीनी (49.0%), लौह अयस्क (25.5%), दालें (20.6%), अन्य अयस्क (15.5%), एफआरएम ड्राई (13.7%), लोहा एवं इस्पात (10.9%), एलपीजी/एलएनजी (9.7%), उर्वरक (2.6%) और एफआरएम लिक्विड (1.2%) आते हैं। परियोजना कार्गो ने अप्रैल-फरवरी, 2019-2020 की तुलना में यातायात में 44.7% की सबसे अधिक नकारात्मक वृद्धि दर्ज की है इसके बाद पीओएल उत्पाद (22.0%), सीमेंट (21.6%), थर्मल कोयला (15.5%), खाद्य तेल (14.8%), अन्य सामान (11.2%), पीओएल-क्रूड (11.1%), कोकिंग कोयला (9.6%), अन्य कोयला (9.5%), कंटेनर (5.1%), और आते हैं। **(तालिका-ख)**
- सभी सामानों में अप्रैल-फरवरी, 2020-21 के दौरान कंटेनर ने 21.3% के हिस्से के साथ 127.96 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो की संभलाई की है। इसके बाद पीओएल-क्रूड (20.5%), लौह अयस्क/पेल्लेट्स (10.6%), थर्मल कोयला (10.4%), अन्य सामान (8.7%), पीओएल उत्पाद (8.1%), कोकिंग कोयला (5.5%), अन्य कोयला (3.6%), एलपीजी/ एलएनजी (2.2%), उर्वरक (1.5%), लोहा एवं इस्पात (1.6%), खाद्य तेल (1.5%), एफआरएम ड्राई (1.2%), एफआरएम लिक्विड (1.0%), अन्य अयस्क (0.8%), चीनी (0.6%), सीमेंट (0.5%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.3%) और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।

**तालिका –ख : महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तु-वार वृद्धि**

**(हजार टनों में)**


| **वस्तु** | **फरवरी, 2020** | | **फरवरी, 2021 (पी)** | | **(अप्रैल-फरवरी, 2019-20)** | | **(अप्रैल-फरवरी, 2020-21) (पी)** | | **% बदलाव {(कॉ.8/कॉ.6 -1)* 100}** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **संभाला गया कार्गो** | **% हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **% हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **% हिस्सा** | **संभाला गया कार्गो** | **% हिस्सा** | |
| **पीओएल क्रूड** | **12673** | 22.1 | 11665 | 20.1 | 138162 | 21.5 | 122760 | 20.5 | -11.1 |
| **पीओएल उत्पाद** | **5163** | 9.0 | 4482 | 7.7 | 62329 | 9.7 | 48595 | 8.1 | -22.0 |
| **एलपीजी या एलएनजी** | **1249** | 2.2 | 1240 | 2.1 | 12192 | 1.9 | 13374 | 2.2 | 9.7 |
| **खाद्य तेल** | **836** | 1.5 | 594 | 1.0 | 10732 | 1.7 | 9143 | 1.5 | -14.8 |
| **एफआरएम-लिक्विड** | **582** | 1.0 | 485 | 0.8 | 5681 | 0.9 | 5746 | 1.0 | 1.2 |
| **लौह अयस्क पेल्लेट्स/ फाइन** | **5037** | 8.8 | 6045 | 10.4 | 50424 | 7.8 | 63300 | 10.6 | 25.5 |
| **अन्य अयस्क** | **354** | 0.6 | 577 | 1.0 | 4059 | 0.6 | 4686 | 0.8 | 15.5 |
| **थर्मल कोयला** | **7077** | 12.4 | 6008 | 10.3 | 73535 | 11.4 | 62166 | 10.4 | -15.5 |
| **कोकिंग कोयला** | **3266** | 5.7 | 3300 | 5.7 | 36601 | 5.7 | 33095 | 5.5 | -9.6 |
| **अन्य कोयला** | **2302** | 4.0 | 2307 | 4.0 | 24167 | 3.8 | 21877 | 3.6 | -9.5 |
| **उर्वरक** | **494** | 0.9 | 221 | 0.4 | 8958 | 1.4 | 9191 | 1.5 | 2.6 |
| **एफआरएम-ड्राई** | **542** | 0.9 | 607 | 1.0 | 6228 | 1.0 | 7082 | 1.2 | 13.7 |
| **दालों को छोड़कर खाद्यान्न** | **49** | 0.1 | 626 | 1.1 | 830 | 0.1 | 1864 | 0.3 | 124.5 |
| **दालें** | **0** | 0.0 | 0 | 0.0 | 212 | 0.0 | 256 | 0.0 | 20.6 |
| **चीनी** | **337** | 0.6 | 341 | 0.6 | 2355 | 0.4 | 3509 | 0.6 | 49.0 |
| **सीमेंट** | **326** | 0.6 | 314 | 0.5 | 3544 | 0.6 | 2777 | 0.5 | -21.6 |
| **लोहा और इस्पात** | **664** | 1.2 | 781 | 1.3 | 8653 | 1.3 | 9600 | 1.6 | 10.9 |
| **परियोजना कार्गो** | **115** | 0.2 | 48 | 0.1 | 947 | 0.1 | 524 | 0.1 | -44.7 |
| **कंटेनर** – **टन** | **11792** | 20.6 | 13727 | 23.6 | 134886 | 21.0 | 127957 | 21.3 | -5.1 |
| **कंटेनर** – **टीईयू (हजार में)** | **807** | - | 1020 | - | 9217 | - | 8637 | - | -6.3 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अन्य | **4375** | 7.6 | 4748 | 8.2 | 58947 | 9.2 | 52370 | 8.7 | -11.2 |
| **कुल** | **57232** | **100** | **58115** | **100** | **643442** | **100** | **599871** | **100** | **-6.8** |


स्रोत:- पत्तन आंकड़ा प्रबंधन पोर्टल (पीडीएमपी), पोत परिवहन मंत्रालय पी – अनंतिम

## <u>अप्रैल- फरवरी, 2020-21 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल-फरवरी, 2020-21 के दौरान महापत्तनों में दीनदयाल पत्तन ने 19.4% हिस्से के साथ 90.73 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद पारादीप पत्तन (16.2%), जेएनपीटी (11.4%), विशाखापट्टणम पत्तन (10.4%), एसएमपी हल्दिया डॉक (7.6%), चेन्नई पत्तन (7.2%), मुंबई पत्तन (5.6%), एनएमपीटी (4.9%), वीओसी पत्तन (4.1%), मुरगांव पत्तन (3.9%), कोचिन पत्तन (3.8%), एसएमपी कोलकाता डॉक (2.8%) और कामराजार पत्तन (2.7%) आते हैं। (**ग्राफ-II**)




- अप्रैल-फरवरी, 2020-21 के दौरान महापत्तनों में 20.5% हिस्से के साथ पारादीप पत्तन ने 27.12 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद मुंबई पत्तन (16.3%), विशाखापट्टणम पत्तन (11.3%), दीनदयाल पत्तन (10.2%), वीओसी पत्तन (7.3%), कोचिन पत्तन (7.5%), कामराजार पत्तन (7.4%), एनएमपीटी (7.2%), एसएमपी हल्दिया डॉक (4.3%), चेन्नई पत्तन (3.8%), जेएनपीटी (3.2%), मुरगांव पत्तन (0.9%) और एसएमपी कोलकाता डॉक (0.3%) आते हैं। (**ग्राफ-III**)



******************************